<u>समाचार</u>

महापौर ने साकेत में किया ध्वजारोहण

कोरबा 27 जनवरी 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर निगम कार्यालय साकेत भवन में ध्वजारोहण किया तथा गणतंत्र दिवस की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं क्षेत्र के नागरिकों को दी। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त श्री एस.जयवर्धन के साथ ही एम. आई.सी.सदस्यगण, पार्षद व निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने ध्वजारोहण किया तथा गणतंत्र दिवस की अपनी शुभकामनाएं आमनागरिकों को दी। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद , सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले निगम के अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उन्हें और अधिक निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर महापौर श्री प्रसाद ने अपने उद्बोधन में निगम के जनप्रतिनिधियों, पार्षद साथियों, निगम के अधिकारी कर्मचारियों का आह्वान करते हुए कहा कि हम और आप सब मिलकर निगम क्षेत्र के विकास के लिए पूरी इच्छाशक्ति एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु संकल्प ले तथा एक टीम भावना के साथ कार्य करते हुए आमजनता की अपेक्षाओं को पूरा करने की दिशा में निरंतर कार्य करें। उन्होनेकोरोना संकटकाल में निगम के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्यो का उल्लेख करते हुए उनकी कर्तव्यनिष्ठा, सेवा, समर्पण व सहयोग की भावना की सराहना की। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने गणतंत्र दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी तथा अधिकारी कर्मचारियों की सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए उन्हें जनता के हित में लगातार काम करने की प्रेरित किया। आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा नगर के विकास एवं नागरिक सेवाओं की बेहतरी हेतु अपने–अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने, आपस में सहयोग व समन्वय बनाकर कार्य करने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए गणतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करने हेतु निगम के अधिकारी कर्मचारियों का आह्वान किया।

इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर, पालूराम साहू, पार्षद अनुज जायसवाल, एल्डरमेन रूपा मिश्रा, पूर्व पार्षद महेन्द्रसिंह चौहान, मुकेश राठौर, गीता महंत, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, कार्यपालन अभियंता एम.के.वर्मा, ए.के.शर्मा, एम.एन.सरकार, आर.के.चौबे, भूषण उरांव, लेखाधिकारी आनंद गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ. संजय तिवारी, अखिलेश शुक्ला, पवन वर्मा, एस.डी.बनाफर, अनिरूद्ध सिंह, रघुराज सिंह, राजबहादुर सिंह, एन. पी.देवांगन, गिरीश साहू, डी.एस.बैस, बी.एल.राठौर सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे